# Ch 16

प्रश्न 1. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(1) पेड़ हमें किस तरह मददगार होते हैं?

- पेड़ हमें छाया देते हैं, फूल-फल देते हैं। लकड़ी देते हैं। जीने के लिए अत्यंत उपयोगी प्राणवायु देते हैं। इस तरह पेड़ हमें मददगार होते हैं।

(2) आपको खाने की कौन-सी मीठी चीजें पसंद है?

- मुझे खाने की मीठी चीजें पसंद है : जलेबी, लड्डू, पेड़ा, बरफी

( 3) पतंग के अलग-अलग नामों की सूची बनाइए।

- पतंग के अलग-अलग नाम - ढाल, ड्रग्गा, चौकीदार आँखेदार, चील,दुमदार, तुक्कल, नवरंग आदि हैं।

प्रश्न2. पढ़कर समझिए और लिखिए :

(1) धरती X आसमान

(2) उठाता X गिराता

(3) ऊपर X नीचे

(4) शुरूआत X अंत

(5) शहर X गाँव

प्रश्न 3. उपर्युक्त शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए :

उदा.,

( 1) हम धरती पर रहते हैं।

- हम आसमान में नहीं रहते हैं।

( 2 ) अच्छा आदमी लोगों को उठाता है।

- बुरा आदमी लोगों को गिराता है।

( 3 ) आसमान ऊपर है।

- धरती नीचे है।

**(4)** इस नाटक की <u>शुरूआत</u> अच्छी है।

- इस नाटक का <u>अंत</u> अच्छा नहीं है।

**( 5 )** लोग <u>शहर</u> में रहना पसंद करते हैं।

- लोग <u>गांव</u> में रहना पसंद नहीं करते।

प्रश्न **4.** पढ़कर समझिए और लिखिए :

**(1)** हररोज = हमेशा

**(2)** पहाड़ = पर्वत

**(3)** पेड़ = वृक्ष

**( 4 )** धरती = पृथ्वी

**(5)** शीश = मस्तक

प्रश्न **5.** उपर्युक्त शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए:

**(1)** में <u>हररोज</u> दूध पीती हूँ।

- मैं <u>हमेशा</u> दूध पीती हूँ।

**(2)** राहुल <u>पहाड़</u> पर चढ़ता है।

- राहुल <u>पर्वत</u> पर चढ़ता है।

**(3)** <u>पेड़</u> हमें छाया देते हैं।

- <u>वृक्ष</u> हमें छाया देते हैं।


**(4)** <u>धरती</u> सूरज के आसपास घूमती है।

- <u>पृथ्वी</u> सूरज के आसपास घूमती है।

**( 5)** हमें बड़ो के आगे <u>शीश</u> झुकाना चाहिए।

- हमें बड़ों के आगे <u>मस्तक</u> झुकाना चाहिए।

प्रश्न 6. चित्र-आधारित शब्दों की सूची बनाइए:




चित्र आधारित शब्दों की सूचि : आदमी, गधा, डंडा, रास्ता, शेर, पेड़, चायवाला, कपरकारबी, सुअर, माला, पहाड़ियां, विक्रम, वैताल, तलवार, बंदर, सितार, साँप, वजीर, वजन (दस किलोग्राम) .

लिखिए, क्या बातें कर रहे होंगे ये आपस में

• गधा आदमी से

- गधा आदमी से कह रहा होगा - मुझे कहाँ तक ले जाना है? मेरा बोझ कब उतारोगे? मैं थक गया हूँ। मुझे भूख और प्यास लगी है।

- चायवाला शेर से -

चायवाला शेर से कह रहा होगा- लीजिए जनाब, मैं आपके लिए चाय बनाकर लाया हूँ। पूरे दूध की चाय है। बहुत अच्छी बनी है। आपकी थकान दूर हो जाएगी।

* सुअर आपस में

- सुअर आपस में कह रहे होंगे- हम कई दिनों तक कीचड़ में रहे हैं। गंदगी बहुत खाई है। अब हम अपनी जीने की राह बदल देंगे। हमारे हाथों में मालाएं हैं। राम नाम का जप करेंगे और गंदगी से दूर रहेंगे।

* विक्रम वैताल से -

विक्रम वैताल से कह रहा होगा मैंने तेरे प्रश्न का उत्तर दिया है। अब  बता तू यहाँ क्यों रहता है?